Name of publication: HariBhoomi

Date: October 2019

किसान गोष्ठी का किया आयोजन

- पशुओं का टीकाकरण समय पर करवाने से पशुओं में नहीं फैलेगी बीमारियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

नारनौल। किसान गोष्ठी में मौजूद किसान व महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

शहर के निजी होटल में एसएम सहगल फाउंडेशन व एचडीएफसी बैंक के सहयोग से चल रही परिवर्तन परियोजना के तहत सोमवार को किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता उपनिदेशक पशुपालन व डेयरी विभाग के डा. भूपसिंह यादव ने की। इसमें ग्रामीण महिलाओं व किसानों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। अवसर पर संस्था के सदस्य हनुमान शर्मा व शलेषपंत ने कहा कि नांगल चौधरी व निजामपुर ब्लाक में संस्था द्वारा 9 गांवों में परिवर्तन परियोजना चलाई जा रही है। उन्होंने बताया कि पशुओं के लिए संतुलित पशु आहार, खनीज, लवण व मिश्रण के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि समय-समय पर दवाईयां व संतुलित पशुआहार देकर अपने पशु को स्वस्थ्य रखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि संस्था द्वारा समय-समय पर पशुओं के शिविरों का भी आयोजन किया जाता है। जिसमें निशुल्क दवाइयां दी जाती है। वहीं नांगल चौधरी पशु चिकित्सक डा. अजय चौधरी ने कहा कि पशुओं का टीकाकरण समय पर करवाए। जिससे पशुओं में बीमारियां नहीं फैलेगी। इस मौके पर सुरजीत सिंह, कृष्ण कुमार, विरेंद्र, रमेश, संजीव, अंकुश, नंदलाल व चंद्रकला आदि मौजूद थे।

***Kisan Goshti* (farmers' meeting) organized**

A kisan goshti was organized under the Parivartan Pariyojana, a partnership initiative of HDFC Bank with Sehgal Foundation. The meeting was facilitated under the leadership of Assistant Director, Department of Animal Husbandry and Dairy, Dr. Bhoop Singh Yadav. The representatives and doctors apprised the farmers on balanced animal nutrition and animal vaccination camps that are organized under the partnership from time to time.